यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेन्ट कारपोरेशन लि0

(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लि0)

टी0सी0 46–V, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

पत्रांकः 4366– /7–5(4)/ई–निविदा/2017–18 दिनांकः 11– अगस्त 2017

कार्यालय ज्ञाप

मुख्य सचिव महोदय उ0प्र0 द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1067/78–2–2017 –42/आई0टी0/2017 दिनांक 12.05.2017 द्वारा शासन के विभिन्न विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/विकास प्राधिकरणों/नगर निगमों/स्वायतशासी संस्थाओं/निकायों इत्यादि में ई–प्रोक्योरमेंट/ई–टेन्डरिंग प्रणाली लागू किये जाने की व्यवस्था लागू किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के कम में निर्माण इकाईयों पर ई–टेन्डर/ई–प्रोक्योरमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रत्येक निर्माण इकाई के अधिशासी अभियन्ता/प्र0 अधिशासी अभियन्ता के साथ–साथ दो अन्य कर्मियों के डिजिटल सिग्नेचर तैयार किये जायेगें। उक्त दो कर्मियों का निर्धारण निर्माण इकाई के अधिशासी अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता द्वारा किया जायेगा। तदोपरान्त अधिशासी अभियन्ता एवं उक्त दोनों कर्मियों के डिजिटल हस्ताक्षर को निगम द्वारा नामित नोडल अधिकारी द्वारा एन.आई.सी. के पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराया जायेगा, जिससे एन.आई.सी. के पोर्टल पर टेन्डर प्रकाशन की सूचना एवं टेन्डर डॉक्यूमेंट अपलोड किये जाने के उपरान्त किन्ही दो डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त कर्मियों द्वारा टेक्निकल बिड खोली जायेगी। उक्त के फलस्वरूप पूर्व निर्धारित प्रकिया के अनुसार अधीक्षण अभियन्ता के स्तर पर गठित तकनीकी समिति द्वारा हार्ड कॉपी में प्राप्त तकनीकी बिड का एन.आइ.सी. पोर्टल पर सम्बन्धित फर्म द्वारा अपलोड की गयी तकनीकी बिड से मिलान करने के उपरान्त तकनीकी बिड का परीक्षण कर तकनीकी बिड में अर्ह फर्म का विवरण एन.आई.सी. के पोर्टल पर किन्ही दो डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त कर्मियों द्वारा अपलोड किया जायेगा।

उक्त के फलस्वरूप तकनीकी रूप से अर्ह फर्मो की हार्ड कॉपी में प्राप्त फाइनेन्सियल बिड का सम्बन्धित फर्म द्वारा एन.आई.सी. पोर्टल पर अपलोड की गयी फाइनेन्सियल बिड से मिलान करने के उपरान्त अधीक्षण अभियन्ता स्तर पर गठित तकनीकी समिति द्वारा फाइनेन्सियल बिड खोली जायेगी, जिसमें प्राप्त दरों का तुलनात्मक विवरण तैयार कर न्यूनतम दरों का निर्धारण करते हुये तैयार विवरण को डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त किन्ही दो कर्मियो द्वारा एन.आई.सी. पोर्टल पर अपलोड किया जाना होगा। तदोपरान्त न्यूनतम निविदादाता फर्म (एल–1) का निर्धारण कर न्यूनतम निविदादाता फर्म को एल.ओ. आई. निर्गत की जायेगी।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक निर्माण इकाई पर अधिशासी अभियन्ता/प्र0 अधिशासी अभियन्ता के साथ तैनात दो कर्मियों के Class II Singing and encryption डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट तैयार किये जाने एवं उक्त हेतु प्रत्येक डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट हेतु धनराशि रू0 1,708.00 प्रति नग का ड्राफ्ट यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लखनऊ अथवा अन्य सर्टिफाईंग अथॉरिटीज (सूची संलग्न) के नाम निर्माण इकाई स्तर से तैयार कराकर निर्धारित आवेदन पत्र भर कर सर्टिफाइंग अथॉरिटी के कार्यालय में जमा कराकर डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त कर निगम द्वारा नामित नोडल अधिकारी द्वारा एन.आइ.सी. के पोर्टल पर प्राथमिकता पर रजिस्टर्ड कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–उक्तवत्

(मनोज सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महाप्रबन्धक (निर्माण), यूपीसिडको, मुख्यालय, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, (पश्चिम/पूर्व/विद्युत) यूपीसिडको, मुख्यालय, लखनऊ।
3. श्री आलोक श्रीवास्तव नोडल अधिकारी (ई–टेन्डरिंग)/परियोजना प्रबन्धक (मा0), यूपीसिडको, मुख्यालय।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता (सिविल/विद्युत), यूपीसिडको, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता (सिविल/विद्युत), यूपीसिडको, उत्तर प्रदेश।
6. कार्मिक प्रबन्धक, यूपीसिडको, मुख्यालय, लखनऊ।
7. वरिष्ठ आन्तरिक सम्परीक्षण अधिकारी, यूपीसिडको, मुख्यालय, लखनऊ।
8. श्री शैलेन्द्र सेंगर कम्प्यूटर अनुरक्षक, यूपीसिडको, मुख्यालय, लखनऊ।
9. निजी सचिव मुख्य महाप्रबन्धक, यूपीसिडको, मुख्यालय, लखनऊ।
10. प्रधान निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, यूपीसिडको, मुख्यालय, लखनऊ।

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य महाप्रबन्धक

भारत सरकार द्वारा अधिकृत सर्टिफाईंग अथॉरिटीज अथवा उनके रजिस्टरिंग अथॉरिटीज की सूची

- एन.आई.सी.– नई दिल्ली,
- टी.सी.एस.– मुम्बई,
- सेफ– स्क्रिप्ट– चेन्नई,
- आई.डी.आर.बी.टी.,
- (एन) कोड सॉल्यूशन्स, ई–मुद्रा,
- सी–डैक, कैप्रीकॉर्न आईडेन्टिटी सर्विसेज प्रा.लि.,
- एन.एस.डी.एल. टेक्नोलॉजी,
- जी,एन,एफ,सी, अथवा
- यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।

शासकीय अधिकारियों के Class-II डिजीटल सिग्नेचर प्राप्त करने तथा फार्म भरने की विधि यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट www.uplc.in के डाउनलोड पृष्ठ पर उपलब्ध है।